(ग) अपेक्षित जानकारी शीघ्र भेजने के सम्बन्ध में समस्त राज्यों के मुख्य निर्वाचिक आफिसरों को स्मरण पत्र भेज दिए गए हैं।

रेलवे स्टेशनों पर यात्री-कर

1349. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **रेलवे** मंत्री 15 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6483 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलवे के किन 139 रेलवे स्टेशनों पर यात्री कर लिया जाता है;

(ख) क्या वर्ष 1968-69 के खाते इस बीच बन्द कर दिये गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कर से सरकार को कुल कितनी आय हुई ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सम्भवतः माननीय सदस्य का आशय सीमा (तीर्थ यात्री) कर से है। एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है जिसमें उन सभी स्टेशनों के नाम दिये गये हैं जिसके सम्बन्ध में सीमा (तीर्थ यात्री) कर लगाया जाता है। (**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या** LT—1425/69)

(ख) और (ग). जी नहीं। 1968-69 के लेखे लगभग अगस्त, 1969 के अन्त तक बन्द किये जाने की संभावना है। सीमा (तीर्थ यात्री) कर से अर्जित कुछ राजस्व के आंकड़े इकट्ठे किये जा रहे हैं।

रेलवे स्टेशनों पर बिजली की व्यवस्था

1350. **श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेलवे** मंत्री 29 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 7977 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना में ऐसे 3792 रेलवे स्टेशनों, जिन पर बिजली की व्यवस्था नहीं है, में से कितने रेलवे स्टेशनों पर बिजली की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है; और

(ख) ऐसे रेलवे स्टेशनों के जोनवार नाम क्या हैं, जिन पर अब तक बिजली की व्यवस्था नहीं की गई है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथासमय सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

सपहाला में मालगाड़ी के तेल टंक में विस्फोट

1351. **श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सपहाला स्थान पर मालगाड़ी के तेल के टैंक में विस्फोट होने के परिणामस्वरूप सरकार को भारी हानि हुई;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति घायल हुए और सरकार को कितनी हानि हुई;

(ग) क्या सरकार ने विस्फोट के कारणों की जांच की है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) और (ख). इस दुर्घटना के फलस्वरूप रेल सम्पत्ति को लगभग 42,000 रुपये की क्षति होने का अनुमान है। इस दुर्घटना में 77 व्यक्ति घायल हुए जिनमें से 20 को गहरी चोटें, 14 को साधारण चोटें और बाकी 43 को मामूली चोटें आयीं।

(ग) जी हां।

(घ) जांच समिति के निष्कर्ष के अनुसार दुर्घटना भाप इंजनों द्वारा लाइन पर गिरायी गयी जलती हुई रास पर रिस रहे टंकी माल डिब्बे से पेट्रोल गिरने के कारण हुई थी।